प्रेस-विज्ञप्ति

16.03.2023

आज दिनांक 16 मार्च, 2023 को मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा डॉ. गौर हरि सिंहानिया कॉन्फ्रेन्स हॉल में सायंकाल 04:000 बजे से **"धन प्रबंधन, ट्रस्ट और उत्तराधिकार"** एक पर एक टॉक शो का आयोजन किया गया किया गया।

आयोजित टॉक शो के दौरान मर्चेन्ट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष- श्री अतुल कनोडिया जी ने पूर्व अध्यक्ष, कौंसिल मेंबर, एवं उपस्तिथ सभी सदस्यों का स्वागत किया तथा बताया कि इस टॉक शो के माध्यम से हम सभी ट्रस्ट के धन प्रबंधन और उत्तराधिकार के बारे अहम जानकारी उपलब्ध होगी।

टॉक शो के मुख्य वक्ता बार्कलेज बैंक के वाईस प्रेसिडेंट अद्रीश घोष से विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि ट्रस्ट के माध्यम से किस प्रकार अपनी व्यक्तिगत लाईबिलटीज को बिज़नेस लाईबिलटीज से अलग रखते हुए अपना उत्तराधिकार सुनिश्चित किया जाये, इसको बहुत ही सरल व सहज शब्दों में समझाया। मुख्य रूप से ट्रस्ट बनाकर व्यापारिक एवं व्यक्तिगत संपत्ति की न सिर्फ सुरक्षा की जा सकती है बल्कि उत्तराधिकारी के मध्य उसका नियंत्रण एवं उपयोग भी योजनाबद्ध तरीके से किया जा सकता है। विशेष रूप से शारीरिक या मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण उत्तराधिकारियों के अधिकारों की सुरक्षा भी ट्रस्ट के माध्यम से की जा सकती है। ट्रस्ट बनाने से प्रोवेट की समस्या भी समाप्त हो जाती है और यदि अचल संपत्ति है तो उसका हस्तांतरण भी जीवन काल में कर पाना संभव होता है। ट्रस्ट में मुख्य रूप से चार अंग होते है सेटलर, बेनिफिशियरी, ट्रस्ट प्रॉपर्टी एवं ट्रस्टीज, यदि चाहे तो ट्रस्टीज की मदद के लिए प्रोटेक्टर या एडवाइजर भी नियुक्त किया जा सकता है। ट्रस्ट के माध्यम से बड़े औद्योगिक घरानो में पीढ़ी दर पीढ़ी प्रबंधन एवं नियंत्रण किया जा सकता है।

इस टॉक शो के दौरान श्री सुधींद्र जैन, अनिल अग्रवाल, श्री मुकुल टंडन, चैम्बर के सदस्य राजीव मेहरोत्रा, मनु अग्रवाल, डॉ. आरती गुप्ता डॉ. उमेश पांडेय, दीपक कपूर, ऋचा अग्रवाल, निखिल टंडन के अतिरिक्त बड़ी संख्या में चार्टेड अकाउंटेंट एवं तथा सचिव- महेंद्र मोदी उपस्थित रहे।

धन्यवाद